नईदुनिया

वर्ष- 80
(भोपालः वर्ष 41 अंक 294, पृष्ठ 12)
भाद्रपक्ष, शुक्ल एकादशी संवत् 2083
मंगलवार, 22 सितम्बर 2026
कीमतः 3:00 रुपये

www.naidunialive.com
भोपाल संस्करण
भोपाल एवं सागर से एकसाथ प्रकाशित

तापमान

भोपाल	23.0°	31.0°
इंदौर	23.0°	33.0°
जबलपुर	23.0°	33.0°
ग्वालियर	25.0°	34.0°
सागर	23.0°	32.0°

राजधानी... समृद्ध किसान-समृद्ध प्रदेश की थीम पर मनेगा स्थापना...

खेल... ऋषभ को अब एकदिवसीय में अवसर मिलने की...

व्यापार... सर्राफा बाजार में मामूली गिरावट, सोना और ...

देश-विदेश... खुद से बातचीत करना समस्या को समझने की ...

खास-खबरें

कार्गो शिप ने नाव को मारी टक्कर

सिंगापुर, एजेंसी: सिंगापुर के पास पनामा के झंडे वाले कार्गो जहाज फर्स्ट मार्गोक्स की चीनी मछली पकड़ने वाली नाव लुकिंग युआनयु 108 से टक्कर हो गई। हादसा 17 सितंबर की शाम करीब पांच बजे हुआ। घटना का वीडियो अब सामने आया है। वीडियो में कार्गो जहाज ओवरटेक करने की कोशिश के दौरान छोटी नाव से टकराता दिखाई दे रहा है। टक्कर के बाद नाव घूम गई और उसके डेक में पानी भरने लगा।

विमान हादसे में दो भारतीय छात्रों की मौत

ओटावा, एजेंसी: कनाडा के सस्केचेवान प्रांत में 18 सितंबर को उड़ान प्रशिक्षण के दौरान हुए विमान हादसे में दो भारतीय छात्रों की मौत हो गई। भारतीय दूतावास ने सोमवार को हादसे की जानकारी दी। दुर्घटना के बाद विमान समय पर नहीं पहुंचा तो तलाश अभियान शुरू किया गया। करीब आठ घंटे बाद विमान का मलबा मिला। मृतकों की पहचान मनोज शिवकुमार और श्रीसरण थिरुगनानासंबंथन के रूप में हुई है।

इटली में बुर्का-नकाब पर प्रतिबंध की तैयारी

रोम, एजेंसी: इटली की प्रधानमंत्री जॉर्जिया मेलोनी ने स्कूलों में बुर्का और नकाब पर प्रतिबंध लगाने की योजना की घोषणा की है। उन्होंने कहा कि इस संबंध में प्रस्ताव जल्द ही मंत्रिमंडल के सामने रखा जाएगा। प्रस्ताव में स्कूलों की कक्षाओं में विदेशी छात्रों की संख्या सीमित करने का भी प्रावधान होगा। प्रस्ताव के अनुसार, जिन विदेशी छात्रों को स्कूल व्यवस्था में शामिल होने में गंभीर कठिनाई हो रही है, उनके अभिभावकों के लिए इतालवी भाषा सीखना अनिवार्य किया जा सकता है।

आईआईटी बॉम्बे छात्र आत्महत्या मामले में प्रोफेसर निलंबित

नईदुनिया ब्यूरो, मुंबई: आईआईटी बॉम्बे ने बीटेक छात्र साहिल वाकोडे की मौत के मामले में प्रोफेसर सूर्यनारायण दूल्ला को डीन पद से निलंबित कर दिया है। संस्थान ने साहिल की मौत को लेकर पहले दिए गए बयान पर माफी मांगते हुए कहा कि जांच पूरी होने से पहले किसी निष्कर्ष पर पहुंचना उचित नहीं था। 22 वर्षीय साहिल ऊर्जा विज्ञान एवं इंजीनियरिंग विभाग के द्वितीय वर्ष के छात्र थे। 18 सितंबर की रात वह पवई परिसर स्थित छात्रावास के कमरे में मृत मिले थे।

पाकिस्तान में पेट्रोल 1000 रुपये प्रति लीटर होने की आशंका

इस्लामाबाद, एजेंसी: पाकिस्तान में पेट्रोल की कीमत 1000 पाकिस्तानी रुपये प्रति लीटर तक पहुंच सकती है। पेट्रोलियम मंत्री अली परवेज मलिक ने रविवार को कहा कि देश में पेट्रोल की कमी होने पर कीमतों में और बढ़ोतरी हो सकती है। फिलहाल पाकिस्तान में पेट्रोल 389 पाकिस्तानी रुपये और डीजल 424 रुपये प्रति लीटर है। 1000 रुपये प्रति लीटर की कीमत भारतीय मुद्रा में करीब 346 रुपये होगी। मध्य पूर्व में जारी संघर्ष के कारण कच्चे तेल की कीमतों में बढ़ोतरी हुई है।

हे राम! 70 नहीं 105 बार चोरी

श्रीराम मंदिर चढ़ावा चोरी मामला : एसआईटी ने सुप्रीम कोर्ट को दी जानकारी, 25 को दाखिल होगी चार्जशीट

नईदुनिया ब्यूरो, अयोध्या: राम मंदिर चढ़ावा चोरी मामले में सोमवार को सुप्रीम कोर्ट को बताया गया कि मंदिर के सीसीटीवी फुटेज में चोरी की 70 नहीं, बल्कि 105 घटनाएं दर्ज हुई हैं। सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने विशेष जांच दल (एसआईटी) की स्थिति रिपोर्ट के आधार पर कोर्ट को जांच की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि एसआईटी की जांच लगभग पूरी हो चुकी है। सीसीटीवी फुटेज, गवाहों के बयान और अन्य साक्ष्यों की जांच के बाद आरोपितों की पहचान की गई है। चढ़ावे और कीमती सामान की रसीदें सॉफ्टवेयर के माध्यम से तैयार होती हैं और सामान भारतीय स्टेट बैंक के लॉकर में रखा जाता है। सुप्रीम कोर्ट ने एसआईटी की स्थिति रिपोर्ट को रिकॉर्ड पर ले लिया। इससे पहले 23 जून को पहली एसआईटी ने प्रदेश सरकार को प्रारंभिक जांच रिपोर्ट सौंपी थी। इसमें 27 अप्रैल से 5 जून के बीच करीब 70 संदिग्ध घटनाएं दर्ज होने की बात कही गई थी। फुटेज में गिरफ्तार किए गए आठ आरोपित नोटों की गड्डियां जेब और जूतों में छिपाते दिखाई दिए थे। सॉलिसिटर जनरल ने बताया कि एसआईटी 25 सितंबर तक आरोपपत्र दाखिल कर देगी। कोर्ट ने मजिस्ट्रेट को कानून के अनुसार कार्रवाई करने का निर्देश दिया है। याचिकाकर्ताओं को एसआईटी रिपोर्ट की प्रति देने से कोर्ट ने इनकार कर दिया। 25 जून को आठ लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज हुई थी और सभी को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया था।

सुप्रीम कोर्ट ने कहा, गिरफ्तारी की वजह लिखित में बताना जरूरी

बिना वजह गिरफ्तारी गैरकानूनी

नईदुनिया ब्यूरो, नई दिल्ली: सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को कहा कि किसी व्यक्ति को गिरफ्तार करते समय उसे गिरफ्तारी की वजह लिखित में बताना जरूरी है। ऐसा नहीं करने पर गिरफ्तारी असंवैधानिक मानी जाएगी और आरोपी को तत्काल रिहाई का अधिकार होगा। कोर्ट ने कहा कि गिरफ्तारी की वजह ऐसी भाषा में बताई जानी चाहिए, जिसे संबंधित व्यक्ति समझ सके और उसकी प्रति जल्द से जल्द दी जानी चाहिए।

जस्टिस उज्जल भुइयां और जस्टिस अतुल चंद्रकुर की पीठ ने यह टिप्पणी शिरोमणि अकाली दल से जुड़े मुल्लांपुर दाखा विधानसभा क्षेत्र के प्रभारी जसरकरनजीत सिंह की अपील पर की। नाबालिग से यौन अपराध के आरोपों से जुड़े मामले में उन्हें गिरफ्तारी की वजह लिखित में नहीं बताई गई थी। सुप्रीम कोर्ट ने उनकी गिरफ्तारी को गैरकानूनी माना। कोर्ट ने कहा कि संविधान के अनुच्छेद 22(1) के तहत गिरफ्तारी की वजह बताना व्यक्ति का मौलिक और वैधानिक अधिकार है। पहली गिरफ्तारी के नियमों का उल्लंघन करने वाले पुलिस अधिकारी के खिलाफ विभागीय जांच होगी।

सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि यदि व्यक्ति को नियमों के उल्लंघन के कारण रिहा किया जाता है और जांच एजेंसी उसे दोबारा गिरफ्तार करना चाहती है, तो सीधे गिरफ्तारी नहीं की जा सकती। इसके लिए पहले मजिस्ट्रेट के समक्ष आवेदन देना होगा। आवेदन में दोबारा गिरफ्तारी की जरूरत और वजह, पहली गिरफ्तारी में कारण न बताए जाने की वजह बतानी होगी। कोर्ट ने यह भी कहा कि पहली गिरफ्तारी करने वाला अधिकारी दोबारा गिरफ्तारी का फैसला नहीं ले सकेगा।

अटल जी ने सुशासन की नई दिशा दिखाईः डॉ. यादव

नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपाल: मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी भारतीय राजनीति के महान पुरोधा थे। उन्होंने देश को विकास और सुशासन की नई दिशा दिखाई। उनका जीवन लोकतांत्रिक मूल्यों के प्रति प्रतिबद्धता का उदाहरण है। अटल जी के विचार, राष्ट्रवाद और सुशासन के आदर्शों को अपनाना ही उनके प्रति सच्ची श्रद्धांजलि है। मुख्यमंत्री ने सोमवार को गोविंदपुरा औद्योगिक क्षेत्र में अटल बिहारी वाजपेयी की प्रतिमा का अनावरण किया। उन्होंने कहा कि अटल जी का पूरा जीवन देशसेवा और जनसेवा के लिए समर्पित रहा। राजनीति में शुचिता, विचारों में दृढ़ता और व्यवहार में सौम्यता उनके व्यक्तित्व की पहचान थी। डॉ. यादव ने कहा कि अटल जी ने सत्ता और विपक्ष दोनों में लोकतांत्रिक मर्यादाओं का उदाहरण प्रस्तुत किया।

आरटीओ महिला इंस्पेक्टर की हत्या, प्रेमी ने की आत्महत्या

शव के पास पड़ा था खून से सना हथौड़ा, शादी को लेकर विवाद की आशंका

नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपाल: राजधानी की लेकपर्ल कॉलोनी स्थित एक मकान में दतिया में पदस्थ आरटीओ इंस्पेक्टर मीनाक्षी गोखले (35) का शव मिला। उनके सिर पर चोट के निशान थे और शव के पास खून से सना हथौड़ा पड़ा था। मकान मीनाक्षी के परिचित पवन कुमार द्विवेदी (35) का है। घटना के बाद पवन का शव मकान से करीब 20 मीटर दूर पेड़ से लटका मिला। पुलिस के अनुसार, मीनाक्षी रविवार शाम करीब सात बजे अपनी सहेली कृतिका और बेटी के साथ मकान पहुंची थीं।

रात में कृतिका बेटी के साथ अंदर के कमरे में सो गई। सोमवार सुबह करीब सात बजे उसने बाहर के कमरे में मीनाक्षी का शव देखा और पुलिस को सूचना दी। प्रारंभिक जांच में पुलिस को आशंका है कि मीनाक्षी और पवन के बीच शादी को लेकर विवाद हुआ होगा। पुलिस के मुताबिक, पवन मीनाक्षी से शादी करना चाहता था, जबकि वह इसके लिए तैयार नहीं थीं। आशंका है कि विवाद के दौरान पवन ने हथौड़े से उनके सिर पर वार किया और बाद में आत्महत्या कर ली। उसकी जेब से बैंक की पासबुक मिली है।

पुलिस के अनुसार, मीनाक्षी और पवन की मुलाकात इंदौर में हुई थी। पवन मूल रूप से सीधी जिले का रहने वाला था और भोपाल के एक निजी संस्थान से एलएलबी की पढ़ाई कर रहा था। पुलिस ने घटनास्थल की जांच कर साक्ष्य जुटाए हैं।

एफएसएल टीम ने भी जांच की। अधिकारियों के अनुसार, पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद घटना की स्थिति स्पष्ट होगी। मीनाक्षी के पिता ने अंतरजातीय विवाह को लेकर परिवारों के बीच बातचीत की बात कही है।

अपनी सिम दूसरे को देने पर 50 लाख तक जुर्माना

नईदुनिया ब्यूरो, नई दिल्ली: दूरसंचार विभाग ने सोमवार को सिम कार्ड के गलत इस्तेमाल को लेकर नई एडवाइजरी जारी की। विभाग के अनुसार फर्जी पहचान पत्र से सिम खरीदने या बेचने, मोबाइल के आईएमईआई नंबर से छेड़छाड़ करने और दूसरे की पहचान का गलत इस्तेमाल करने पर तीन साल तक की जेल और 50 लाख रुपये तक का जुर्माना हो सकता है।

विभाग ने नागरिकों को सलाह दी है कि वे संचार साथी पोर्टल या एप के माध्यम से जांच करें कि उनकी पहचान पर कोई अनजान मोबाइल नंबर सक्रिय तो नहीं है। यह कदम छत्तीसगढ़ में सामने आए एक मामले के बाद उठाया गया है। वहां एक सिम एजेंट ने लोगों के दस्तावेजों का इस्तेमाल कर उनकी जानकारी के बिना 25 सिम सक्रिय कर दिए थे। जांच के बाद सभी नंबर बंद कर दिए गए और एजेंट को काली सूची में डाल दिया गया। दूरसंचार विभाग ने कहा कि अपने नाम पर सिम लेकर उसे किसी अन्य व्यक्ति को बेचने, किराये पर देने या साइबर अपराध में इस्तेमाल होने देने पर संबंधित व्यक्ति के खिलाफ भी कानूनी कार्रवाई हो सकती है। फर्जी दस्तावेज से सिम लेना या किसी अन्य व्यक्ति के नाम की सिम का गलत इस्तेमाल करना भी अपराध है।

एडवाइजरी में आईएमईआई नंबर बदलने वाले मोबाइल के इस्तेमाल पर भी रोक की जानकारी दी गई है। इसके अलावा किसी अन्य नंबर को दिखाकर कॉल करने वाले उपकरणों या सेवाओं के इस्तेमाल को भी गैरकानूनी बताया गया है।

भाजपा की सोशल मीडिया वर्कशॉप में डिजिटल रणनीति पर मंथन

पीएम मोदी के काम को लोगों तक पहुंचाने और सदस्यता अभियान पर भी चर्चा

नईदुनिया ब्यूरो, नई दिल्ली: भाजपा मुख्यालय में रविवार को पार्टी की राष्ट्रीय सोशल मीडिया कार्यशाला आयोजित की गई। इसमें भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन समेत कई वरिष्ठ नेता शामिल हुए। बैठक में सभी राज्यों के सोशल मीडिया संयोजक और सह-संयोजक मौजूद रहे।

पार्टी सूत्रों के अनुसार, कार्यशाला में लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी और कांग्रेस के सोशल मीडिया नैरेटिव का जवाब देने को लेकर चर्चा हुई। इसके अलावा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के काम को लोगों तक पहुंचाने और सदस्यता अभियान से जुड़े मुद्दों पर भी विचार-विमर्श किया गया। भाजपा के सोशल मीडिया संयोजक दीपक म्हास्के ने कार्यशाला की अहमियत बताते हुए कहा कि डिजिटल प्लेटफॉर्म के जरिए लोगों तक पहुंच को प्रभावी बनाने में इससे मदद मिली। उन्होंने कहा कि बैठक के माध्यम से संगठन के डिजिटल प्रयासों को नई दिशा देने और आगे की रणनीति पर विस्तार से चर्चा हुई। कार्यक्रम में संगठन, संवाद और तकनीक के तालमेल के जरिए जनसेवा के संकल्प को मजबूत करने पर जोर दिया गया। कार्यशाला में नए विचार और नजरिए भी सामने आए। भारत में 2014 के चुनाव से सोशल मीडिया चुनाव प्रचार का महत्वपूर्ण माध्यम बना।

टी-72 और टी-90 टैंकों के लिए 586 करोड़ की डील

इंजन बंद होने पर भी फायर कंट्रोल और गन स्टेबिलाइजेशन सिस्टम रहेंगे सक्रिय

बख्तरबंद इकाइयों की परिचालन क्षमता मजबूत होगी

स्वदेश में विकसित ऑक्सिलरी पावर यूनिट को शामिल करने से भारतीय सेना की बख्तरबंद इकाइयों की परिचालन क्षमता मजबूत होगी। यह खरीद आर्मर्ड प्लेटफॉर्म के महत्वपूर्ण उप-प्रणालियों के स्वदेशीकरण की दिशा में भी कदम है। यह अनुबंध मेक-2 श्रेणी के तहत उद्योग आधारित अनुसंधान एवं विकास का हिस्सा है। टी-72 और टी-90 भारतीय सेना के प्रमुख युद्धक टैंक हैं। इनके लिए स्वदेशी ऑक्सिलरी पावर यूनिट की खरीद से रक्षा क्षेत्र में घरेलू विनिर्माण और तकनीकी क्षमता को बढ़ावा देने का लक्ष्य है।

नईदुनिया ब्यूरो, नई दिल्ली: रक्षा मंत्रालय ने भारतीय सेना के टी-72 और टी-90 टैंकों के लिए ऑक्सिलरी पावर यूनिट खरीदने का 586 करोड़ रुपये का अनुबंध किया है। मंत्रालय ने 21 सितंबर को नई दिल्ली में एक्यूरेट इंडस्ट्रियल कंट्रोल्स प्राइवेट लिमिटेड के साथ यह करार किया। अनुबंध रक्षा सचिव राजेश कुमार सिंह की मौजूदगी में हुआ।

ऑक्सिलरी पावर यूनिट टैंक के लिए बिजली के वैकल्पिक स्रोत के रूप में काम करती है। मुख्य इंजन बंद होने पर भी यह फायर कंट्रोल सिस्टम, फायरिंग सर्किट, गन स्टेबिलाइजेशन सिस्टम और अन्य उपकरणों को बिजली उपलब्ध करा सकती है। इससे टैंक के इन उपकरणों को अलग से संचालित किया जा सकेगा।

पाकिस्तान की अफगानिस्तान में एयरस्ट्राइक, 28 की मौत

इस्लामाबाद, एजेंसी: पाकिस्तान ने सोमवार को अफगानिस्तान के पूर्वी हिस्से में एयरस्ट्राइक की। पाकिस्तानी अधिकारियों ने दावा किया कि हमले में 28 आतंकवादी मारे गए।

वहीं, तालिबान सरकार ने कहा कि कुनार प्रांत में हुए हमले में एक ही परिवार के तीन लोगों की मौत हुई और चार घायल हो गए। दोनों पक्षों के दावों की स्वतंत्र रूप से पुष्टि नहीं हुई है। तालिबान के प्रवक्ता जबीहुल्लाह मुजाहिद ने बताया कि कुनार के नूरगल जिले में एक घर पर हमला हुआ, जिसमें एक महिला और दो पुरुष मारे गए। पक्तिका प्रांत के बरमल जिले में भी दो स्थानों पर बमबारी हुई। यहां एक दुकान और खाली मकान को नुकसान पहुंचा, लेकिन किसी के हताहत होने की जानकारी नहीं है। मुजाहिद ने कहा कि अफगानिस्तान हमले का उचित जवाब देगा।

एशियन गेम्स में भारत को 6 पदक

नईदुनिया ब्यूरो, नगोया: एशियन गेम्स के दूसरे दिन भारत ने चार पदक जीते। इसके साथ भारत की पदक संख्या छह हो गई है। इनमें चार रजत और दो कांस्य पदक शामिल हैं। शूटिंग में हिमांशु ढिल्लों ने पुरुषों की 10 मीटर एयर राइफल व्यक्तिगत स्पर्धा में रजत और रुद्रांक्ष पाटिल ने कांस्य पदक जीता। चीन के शेंग लिहाओ ने स्वर्ण पदक हासिल किया। पुरुषों की 10 मीटर एयर राइफल टीम स्पर्धा में पार्थ माने, रुद्रांक्ष पाटिल और हिमांशु ढिल्लों की टीम ने रजत पदक जीता। भारतीय टीम ने 1890.1 अंक बनाए। चीन 1899.9 अंक के साथ पहले और दक्षिण कोरिया 1884.2 अंक के साथ तीसरे स्थान पर रहा।

राजनीति *450 में से 355 सीटें मिलीं, यूक्रेन युद्ध शुरू होने के बाद पहला संसदीय चुनाव*

रूस के संसदीय चुनाव में पुतिन समर्थक पार्टी जीती

मॉस्को, एजेंसी: रूस के संसदीय चुनाव में राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन समर्थक यूनाइटेड रशिया पार्टी ने जीत दर्ज की है। केंद्रीय चुनाव आयोग के अनुसार 95 प्रतिशत से अधिक मतों की गिनती के बाद पार्टी को 57.83 प्रतिशत वोट मिले हैं और 450 सदस्यीय स्टेट ड्यूमा में उसे 355 सीटें मिली हैं।

यह फरवरी 2022 में यूक्रेन पर रूस के पूर्ण सैन्य अभियान की शुरुआत के बाद पहला संसदीय चुनाव है। स्टेट ड्यूमा रूस की संसद का निचला सदन है। इसकी 450 सीटों में 225 सीटें पार्टियों को मिले मतों के आधार पर और 225 सीटें एकल निर्वाचन क्षेत्रों से चुनी जाती हैं। संसद में बहुमत सरकार के लिए कानूनों और नीतियों से जुड़े प्रस्तावों को पारित कराने में महत्वपूर्ण है। यूनाइटेड रशिया को 2021 के चुनाव में 324 सीटें मिली थीं। चुनाव में 56.66 प्रतिशत मतदान दर्ज हुआ। राष्ट्रपति पुतिन ने मतदान से पहले यूक्रेन में लड़ रहे रूसी सैनिकों के समर्थन से चुनाव को जोड़ते हुए लोगों से मतदान की अपील की थी। पुतिन यूनाइटेड रशिया के सदस्य नहीं हैं। हालांकि, वह 2008 से 2012 तक पार्टी के अध्यक्ष रहे थे। इसके बाद दिमित्री मेदवेदेव ने यह जिम्मेदारी संभाली। युद्ध का विरोध करने वाली याब्लोको पार्टी को पार्टी के नाम पर चुनाव लड़ने से रोक दिया गया था। उसके कुछ नेताओं को अलग-अलग सीटों से चुनाव लड़ने की अनुमति मिली। कई सरकार विरोधी नेताओं और उम्मीदवारों को भी चुनाव में हिस्सा लेने का अवसर नहीं मिला। चुनाव के अंतिम दिन यूक्रेन ने मॉस्को और आसपास के इलाकों में बड़े पैमाने पर ड्रोन हमले किए। मॉस्को के मेयर सर्गेई सोबयानिन के अनुसार 1600 से अधिक ड्रोन को रोका गया, जिनमें करीब 450 मॉस्को की ओर बढ़ रहे थे। हमले में लोगों की मौत हुई और एक तेल रिफाइनरी तथा आवासीय इमारत को नुकसान पहुंचा।